# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

**—: प्रेस—नोट :—**

**दिनांक: 14.08.2025**

आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, 2023 (कार्मिक क—4/2 विभाग) के आठवें चरण के साक्षात्कार दिनांक 25.08.2025 से 18.09.2025 तक आयोजित किये जायेंगे। उक्त पदों हेतु सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी ऑनलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन—पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण—पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

सहायक आचार्य– MATHS (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2023 के पदों हेतु तृतीय चरण के साक्षात्कार दिनांक 25.08.2025 से 16.09.2025 तक आयोजित किये जायेंगे। उक्त पदों हेतु सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन—पत्र आयोग की वेबसाइट http://rpsc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर लें और उसे भरकर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण—पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

साक्षात्कार के समय सभी अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान—पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण—पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिये जायेंगे।

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**